संघर्ष समिति

आल राजस्थान PHED कांट्रेक्टर एसोसिएशन

पता : अनिश्चितकालीन धरना स्थल मुख्यालय जलभवन जयपुर

ओमप्रकाश बिश्नोई
अध्यक्ष संघर्ष समिति

क्रमांक.: संघर्ष समिति /2026-27/74 दिनांक : 14/05/2026

मैसर्स.............................

....

....

विषय: जलदाय विभाग को उपलब्ध करवाए गए समस्त चार पहिया वाहन हटाने के सबंध में |

नमस्कार,

साथियों जैसा की आपको विदित है जलदाय विभाग के संवेदकों का 33 माह से बकाया भुगतान सहित आठ सूत्रीय मांगो के समाधान हेतु जलदाय विभाग गंभीर नहीं है, जलदाय विभाग के संवेदकों की समस्याओ की तरफ ध्यान आकर्षित करवाने के लिए दिनांक: 15.05.2026 से विभाग में चल रहे समस्त चार पहिया वाहन हटाने है.

साथियों दिनांक 22.04.2026 को माननीय मंत्री महोदय द्वारा "ऑल राजस्थान PHED कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन" के तत्वाधान में गठित संघर्ष समिति के 10 दिनों से चल रहे धरने को इस आश्वासन के साथ समाप्त करवाया गया था कि:-

- **दिनांक 05.05.2026 तक ₹1800 करोड़ का भुगतान तथा दिनांक 15.05.2026 तक सम्पूर्ण भुगतान कर दिया जाएगा।**
- **साथ ही आठ सूत्रीय मांगों का शीघ्र समाधान किया जाएगा।**

परंतु खेद के साथ निवेदन है कि आज दिनांक 14.05.2026 तक संवेदकों को एक रुपये का भी भुगतान नहीं हुआ है तथा मांगों के समाधान हेतु विभाग स्तर पर कोई ठोस कार्यवाही भी नहीं हुई है।

इसके अतिरिक्त, दिनांक 04.05.2026 को रात्रि 10:30 बजे जलदाय विभाग प्रशासन द्वारा जल भवन में ठेकेदारों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया गया, जिससे संवेदकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। यह निर्णय पूर्णतः अनुचित एवं समझ से परे प्रतीत होता है।

साथियों जलदाय विभाग के संवेदकों का अस्तित्व खत्म होने की कगार पर पहुँच गया है, विभाग संवेदकों की आठ सूत्रीय मांगो के समाधान हेतु बिल्कुल भी गंभीर नहीं है. इसलिए मजबूरन संघर्ष समिति को कठिन फैसले लेने की शुरुआत में विभाग में चल रहे समस्त चार पहिया वाहन को दिनांक : 15.05.2026 से हटाने का निर्णय लिया है. अत: कृपया आपकी फर्म द्वारा जलदाय विभाग को उपलब्ध करवाए गए समस्त चार पहिया वाहन कल दिनांक : 15.05.2026 से हटाने की सुचना विभाग को भिजवाए |

सधन्यवाद।

अध्यक्ष
संघर्ष समिति
[आल राजस्थान PHED कांट्रेक्टर एसोसिएशन